


**CLASS: III**
**SESSION NO :4**
**SUBJECT : (HINDI)**
**CHAPTER NAME&NO–पाठ-११(सबक)**
**SUB –TOPIC- प्रस्तावना,आदर्श पठन तथा पुस्तक पठन का मुल्यांकन**

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# ☺️☺️सीखने का उद्देश्य☺️☺️

- 💐 पठन कौशल का विकास
- 💐 शुद्ध उच्चारण
- 💐 नए पाठ से परिचय

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# पुस्तक पठन



ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow



# पाठ-११ सबक

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# प्रस्तावना

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# सबक-सीख

## अच्छी सीख

## बुरी सीख






ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# आदर्श पठन

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

चिंतन मनन- अपनी खुशी के लिए कभी किसी को नुकसान नही
पहुँचाना चाहिए।



गिलहरी बहुत ही चंचल और शरारती थी। उससे जंगल के सभी जानवर बहुत परेशान थे।किसी ना किसी जानवर का नुकसान करना उसकी आदत बन चुकी थी।एक दिन चीनी,सुंदर खरगोश के खेत में घुस गई। उसने गाजर उखाड़कर खेत से बाहर फेंक दी।सुदंर उसे पकड़ने की कोशिश करता रहा पर वह सफल ना हुआ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

सुंदर उदास होकर अपनी खराब हुई गाजरों के पास बैठ गया तभी वहाँ से चीकू बंदर निकला और उसने उदास सुदंर से पूछा" क्या हुआ सुंदर ?तुम इतने उदास क्यों हो?" क्या करूँ चीकू भाई आज फिर चीन ने मेरी गाजरें खराब कर दीं। उसने सारी गाजरें खेत से उखाड़ कर फेंक दी।" आँखों में आँसू भरकर सुंदर ने बताया।





"चीनी की शरारतें दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं, उसे सबक सिखाना पड़ेगा।" चीकू ने क्रोध से कहा। "हाँ चीकू भाई ! पर हम करेंगे क्या?" सुंदर ने पूछा। वे दोनों मिलकर एक योजना बनाते हैं। चीकू एक छोटा सा खेत तैयार करता है, जिसमें वह मूली लगा देता है । उसे विश्वास था कि चीनी यहाँ ज़रूर आएगी। जैसे ही चीनी मूली देखती है उसे शरारत सूझती है। वह मूली उखाड़ने के लिए खेत में घुस जाती है। अचानक वह खेत से बाहर आकर जमीन पर लोटने लगती है।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

साथ ही बचाओ- बचाओ की आवाजें निकलने लगती है। दूर बैठे चीकू और सुंदर उसके पास आ जाते हैं। चीनी उन्हें देखकर कहती है चीकू भैया मुझे बचाओ सुंदर भैया मुझे बताओ । मुझे बहुत खुजली हो रही है कुछ तो करो। अरे यह क्या हुआ चीकू जान- बूझकर पूछता है तुम तो रोज सभी को परेशान करती हो आज तुम परेशान हो रही हो सुंदर ने पूछा दोनों हँसने लगे तुम दोनों हँस क्यों रहे हो?चीनी चिढ़ते हुए कहा मुझे बचाओ मेरी मदद करो रोज तुम सबके साथ शरारत कर उन्हें नुकसान पहुँचाती थी ।आज तुम परेशान हो रही हो सुंदर ने कहा तभी चीनी बोली मुझे सुंदर मुझे माफ कर दो मैं समझ गई कि किसी को परेशान कर के मजे लेना अच्छी बात नहीं है। तुम पहले वादा करो कि कभी कोई ऐसा काम नहीं करोगी जिससे किसी को भी परेशानी या नुकसान हो।चीकू ने कहा। चीकू सुंदर को कहता है चीनी को दबा दे दो मुझे लगता है कि इसे समझ आ गई है अब यह किसी को परेशान नहीं करेगी। सुदंर चीनी को दवा लगा देता है। चीनी ठीक हो जाती है।

# गृह कार्य

वाक्य-रचना - दिए गए शब्दों की मदद से वाक्य रचना करें
शब्द- शरारती, उदास, परेशान, आदत, कोशिश

दिए गए शब्दों की वाक्य रचना कक्षा कार्य कॉपी में करें।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# अध्ययन के परिणाम

- पठन कौशल का विकास अच्छे से हो पाना
- शुद्ध उच्चारण की जानकारी पाना
- नए पाठ से परिचित होना

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# THANKING YOU
# ODM EDUCATIONAL GROUP